## मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

"मिशन शक्ति अभियान फेज - 4.0" व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19.07.2024 को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है ।






## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 19.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उन सभी की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित किया जाये किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये; सभी से सम्मान पूर्वक बर्ताव किया जाये, निर्देशित किया गया कि घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी ।





## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 19.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।









## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच साप्ताहिक शुक्रवार के परेड की सलामी ली गई, पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशः-

आज दिनांक 19.07.2024 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड के निरीक्षण के उपरान्त जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी तत्पश्चात परेड में शामिल जवानों में एकरूपता व अनुशासन बनायें रखने के लिए ड्रिल करायी गयी। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए।

शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन निरीक्षण / भ्रमण कर क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली गयी तथा पुलिस लाइन अवस्थित जीपी स्टोर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साप्ताहिक परेड के दौरान डायल-112 पीआरवी वाहनों व थानों के वाहनों को चेक किया गया तथा उपकरणों के रख रखाव हेतु व वाहनों में मौजूद किट से घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराते हुए निरीक्षण किया गया एवं दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

इसी क्रम में पुलिस लाइन मेस/भोजनालय का भ्रमण कर पुलिस जवानों को प्रदान किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा गया साथ ही पुलिस बैरक, स्नानागार, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को पुलिस लाइन परिसर में उच्च कोटि की साफ-सफाई बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/नगर श्री दीपक दूबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द सिंह गौर सहित सम्बन्धित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 19.07.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपदीय पुलिस प्रशासन ने लगायी अपराधियों पर नकेल, जनपद के सक्रिय/आदतन 11 शातिर अपराधियों को चिन्हित कर 06 माह के लिए कराया जिलाबदर...।

जनपद महोबा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा आगामी त्यौहारों को भयमुक्त वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन पर जनपदीय महोबा पुलिस/प्रशासन द्वारा कुल 11 शातिर/अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही कराते हुए आगामी 06 माह के लिये जनपद महोबा की सीमा से बाहर करते हुए जिलाबदर की कार्यवाही करायी गयी है ।

जिलाबदर की अवधि के दौरान यदि कोई भी जिलाबदर अभियुक्त जनपद की सीमा में पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी ।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 19.07.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# यातायात पुलिस टीम ने चलाया यातायात जागरुकता/चेकिंग अभियान, अभियान के दौरान स्कूली छात्रों को पठाया गया यातायात नियमों का पाठ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 19.07.2024 को प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही स्कूली छात्रों द्वारा यातायात नियमों के प्रति अनदेखी किये जाने के दृष्टिगत उनको यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने के उद्देश्य से ऐसे स्कूली छात्र जो बिना हेलमेट पहने हुए तथा तीन सवारी के साथ अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते पाये गये ऐसे छात्रों की जीवनरक्षा को ध्यान में रखकर चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित छात्रों को यातायात नियमों के साथ छेडछाड़ न किये जाने व यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी साथ ही कुछ छात्रों के परिजनों को मौके पर बुलाकर भविष्य में ऐसी गलती न करने की सलाह दी गयी है। प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि शहर में गतिमान यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी।



